# पीथमपुर में लगातार आगजनी पर प्रशासन की सतर्कता बैठक, औद्योगिक सुरक्षा को लेकर हुई चर्चा

पीथमपुर » दबंग रिपोर्टर



औद्योगिक क्षेत्र में लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं और उससे होने वाले बड़े नुकसान को रोकने के लिए प्रशासन ने उद्योगपतियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच बैठक का आयोजन किया। बैठक में औद्योगिक सुरक्षा को लेकर चर्चा कर विभिन्न सुझाव दिए गए।

मिली जानकारी अनुसार औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों में लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं से हो रहे करोड़ों के नुकसान और बिगड़ते प्रदूषण को लेकर कलेक्टर डॉ. पवन जैन ने जिम्मेदार विभागों और पीथमपुर एसडीएम को उद्योगपतियों और औद्योगिक संगठन के साथ पुलिस, फायर ब्रिग्रेड, हेल्थ एण्ड सेफ्टी और नगरपालिका पीथमपुर के अधिकारियों के साथ आगजनी और औद्योगिक दुर्घटना टालने और आगजनी से बिगड़ने वाले पर्यावरण और संपत्ति के नुकसान को रोकने के लिए जिला प्रशासन के निर्देशन में पीथमपुर एसडीएम रोशनी पाटीदार के मार्गदर्शन में ब्रिजस्टोन कंपनी में पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष गौतम कोठारी की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में औद्योगिक सुरक्षा को लेकर सुरक्षा विशेषज्ञों ने सुरक्षा को लेकर जानकारी दी।

### नपा में भी रखे जाना चाहिए फायर वाहन

गौरतलब है कि पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के साथ प्रदेश की एक बड़े बजट वाली नगरपालिका है। लगभग डेढ़ लाख से अधिक आबादी के अलावा 31 वार्डों में हजारों घर है। बड़ी संख्या में लघु घरेलु उद्योग भी हैं। पुलिस फायर बिग्रेड में अधिकांश वाहन पुराने और कंडम हो चुके हैं। उद्योगों में हुई अनेक आगजनी में धार जिले की सभी निकायों के अलावा इंदौर, महू, देवास के फायर वाहन बुलाना पड़ते हैं, जबकि पीथमपुर नगर पालिका द्वारा फायर वाहनों को पीने का पानी सप्लाई करने वाले टैंकरों से पानी दिया जाता है। नपा सीएमओ डॉ. मधु सक्सेना और नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय वैष्णव ने कहा कि यह अच्छा सुझाव है जल्दी ही फायर वाहन क्रय किए जाएंगे।

इस बैठक के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पीथमपुर सुश्री पाटीदार ने कारखाना प्रबंधकों से बढ़ती हुई आगजनी को रोकने के लिए उद्योगों से सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सबसे पहले फायर सेफ्टी के प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए। कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने व सुरक्षा उपकरण कारखानों में लगे होना चाहिए। सुरक्षा उपकरणों की नियमित रूप से देखरेख करना, कारखाना प्रबंधकों को फायर एनओसी का पालन करना चाहिए। कारखानों में वाटर स्टोरेज टैंक रखना जरूरी है। सुरक्षा उपकरण और कर्मचारियों को ट्रेनिंग होने से कारखाने में जब शुरूआत में आगजनी होती है, तो तत्काल उस पर सुरक्षा उपकरणों के साथ कर्मचारियों द्वारा नियंत्रण किया जा सकता है। प्रोटोकॉल का पालन करते हुए तत्काल पुलिस, फायर ब्रिगेड को सूचना देना चाहिए, ताकि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां समय पर घटनास्थल पहुंच सके। इसके अलावा कारखाना प्रबंधकों को फायर सेफ्टी से संबंधित एक डेमो का भी प्रदर्शन किया गया।

### पीथमपुर में फायर स्टेशन का विस्तार हो

कारखाना प्रबंधको से प्रशासन का पहली बार सुरक्षा को लेकर संवाद का यह कार्यक्रम हुआ। कारखाना प्रबंधकों ने प्रशासन से कहा पीथमपुर में फायर स्टेशन का विस्तार होना चाहिए। औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार हो रहा है अभी एक ही फायर स्टेशन होने से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचने में समय लगता है। इसलिए पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में फायर स्टेशन का विस्तार बहुत ही आवश्यक है। अनुविभागीय अधिकारी ने कारखाना प्रबंधकों को आश्वस्त किया कि आपका यह प्रस्ताव जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार को भेजा जाएगा।

फायर सेफ्टी कार्यक्रम में पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र की 50 से अधिक बड़ी कंपनियों के कारखाना प्रबंधक व मालिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर पीथमपुर के तहसीलदार प्रताप अगास्या, नगर पालिका सीएमओ डॉ. मधु सक्सेना सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# कैडेट्स नेतृत्व के गुणों का विकास करें

महू » दबंग रिपोर्टर



9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में इंदौर ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आकाशदीप भनोट ने शुक्रवार को शिविर का अवलोकन किया। शिविर में आगमन पर कैम्प कमांडेंट कर्नल पंकज अत्री ने ब्रिगेडियर भनोट का स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर भनोट ने सेरिमोनियल गार्ड का निरीक्षण किया। इसके बाद कैम्प कमांडेंट कर्नल अत्री ने कैम्प की नियमित गतिविधियों, कैडेट्स के प्रशिक्षण, राशन स्टोर, कैडेट्स के रहने के स्थान एवं कैम्प के कुक हाउस का निरीक्षण करवाया। इंदौर ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आकाशदीप भनोट ने इस अवसर पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए अनुरोध किया कि महानिदेशक एनसीसी की वेबसाइट एवं एप का उपयोग करें। ऐसे कैडेट्स जो भारतीय सेना में जाने के लिए अथवा एसएसबी की परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उन्हें प्रोत्साहित किया एवं तैयारी हेतु यथासंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने आग्रह किया कि सभी कैडेट्स अनुशासित ढंग से अपने जीवन में नेतृत्व के गुणों का विकास करें। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट कर्नल पंकज गुप्ता, कैम्प एडज्यूटेंट मेजर डॉ. संजय सोहनी, लेफ्टिनेंट डॉ. भगवत राय, सूबेदार मेजर लेफ्टिनेंट सुनील कुमार, फर्स्ट ऑफिसर एमडी खोड़े, फर्स्ट ऑफिसर दामोदर मुकाती, सेकंड ऑफिसर शालिनी दुबे, थर्ड ऑफिसर संदीप देशपांडे, थर्ड ऑफिसर सुजाता मालवीय तथा बृजेश रायपुरिया विशेष रूप से उपस्थित थे। ब्रिगेडियर भनोट ने कैम्प में कैडेट्स को दिए जा रहे प्रशिक्षण पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# तेंदूपत्ता तोड़ने के दौरान महिला गिरकर घायल

पिपरी » दबंग रिपोर्टर

तेंदूपत्ता तोड़ने के दौरान एक महिला गिरकर घायल हो गई। देर से मिली जानकारी के अनुसार 17 मई को रतनपुर की महिला दुर्गाबाई तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल में गई थी। पत्ता तोड़ते समय पेड़ की डाली टूट गई जिससे वह नीचे गिर गई। महिला के हाथ में फ्रेक्चर हुआ है। दुर्गाबाई के पति नत्थू सिंह ने बताया मेरी पत्नी के गिरने की जानकारी फड़ मुंशी को दे दी थी। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता गिरधर गुप्ता ने फड़ मुंशी हरिशंकर काग से सारी स्थिति जानी। फड़मुंशी ने बताया कि मैंने इसकी सूचना डिप्टी रेंजर विजय मौर्य, जो कि पालक अधिकारी भी हैं को दे दी है। गुप्ता ने डिप्टी रेंजर से दूरभाष पर चर्चा कर दुर्गाबाई के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की बात कही। पालक अधिकारी ने बताया किसी मजदूर की पत्ता तोड़ते समय सामान्य मृत्यु हो जाए, दुर्घटना में मृत्यु हो जाए या पूर्ण रूप से अपंग हो जाए तो उसे सहायता प्रदान की जाती है। इसमें हम कुछ नहीं कर सकते। श्री गुप्ता ने क्षेत्र के विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे से दूरभाष पर इस संबंध में चर्चा की। विधायक ने आश्वासन दिया की डीएफओ से इस संबंध में चर्चा कर दुर्गाबाई के परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाउंगा।

# टाउनहॉल की बदहाली दूर करने में किसी को रुचि नहीं

### वर्षों से जर्जर हालत में है शहर का इकलौता सांस्कृतिक परिसर



महू » दबंग रिपोर्टर

शहर का इकलौते सांस्कृतिक परिसर की सुध लेने वाला कोई नहीं है। करीब 46 साल पहले बने टाउनहॉल का भीतरी हिस्सा भंगार हो चुका है। स्थिति यह है कि इस इमारत का सुधार भी नहीं किया जा सकता है। कैंट बोर्ड द्वारा टाउनहाल की हालत सुधारने के लिए पिछले साल 14 अक्टूबर को बोर्ड की बैठक में चर्चा हुई थी। बैठक में तय किया गया था कि बोर्ड इस हॉल को विधायक, सांसद आदि जनप्रतिनिधि और एनजीओ के माध्यम से नए सिरे से बनाएगा, लेकिन अभी तक टाउनहाल की सूरत बदलने के लिए किसी ने रूची नहीं दिखाई है। तीन साल पहले जीएसआइटीएस कॉलेज के विशेषज्ञों द्वारा इस भवन की टेस्टिंग कराई थी, जिन्होंने भवन को उपयोगहीन बताया था। पिछले साल 14 अक्टूबर को बोर्ड बैठक में टाउन हॉल की स्थिति सुधारने का प्रस्ताव पास होने के बाद कुछ एनजीओ ने टाउनहॉल का निरीक्षण भी किया, लेकिन उनकी सहमति अभी तक नहीं आई है। बोर्ड द्वारा क्षेत्रीय विधायक व मंत्री उषा ठाकुर से भी टाउन हाल को ठीक करने के लिए निवेदन किया गया था। बता दें कि टाउनहॉल का निर्माण 17 दिसंबर 1974 को हुआ था। जिसके बाद वर्ष 2006-07 में भी उक्त भवन का नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण किया गया, लेकिन यह काम ज्यादा समय तक नहीं चला।



# चौबाराधीरा में लगा स्वास्थ्य शिविर

पीपलरावां » दबंग रिपोर्टर

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा कलेक्टर के निर्देश एवं जिला आयुष अधिकारी गिर्राज बाथम के मार्गदर्शन में ग्राम चौबाराधीरा के श्री एकेडमी में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष माखन गुर्जर उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया। शिविर में डॉ.मनीष मालवीय, डॉ. सुभाष सिसोदिया, निर्मला रावत, डॉ. मनीषा भंडारी, विनोद मालवीय, डॉ. पुरुषोत्तम परमार द्वारा विभिन्न रोगों का चिकित्सा लाभ लोगों को दिया। साथ ही आयुष ऐप, योगाभ्यास व पंचकर्म के बारे में जानकारी दी गई। इनके अलावा आयुष विभाग की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में 213 रोगियों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार का लाभ दिया गया। इस अवसर पर महिपाल सेंधव, लोकेंद्र टांक, राजेंद्र वर्मा, भारत पटेल, धर्मेंद्र यादव, रविन्द्र सेंधव आदि उपस्थित थे।

# भागवत कथा में पहुंचे पवार



आरती उतारते पंवार।

पीपलरावां » दबंग रिपोर्टर

ग्राम खेरिया जागीर में मंगलवार से शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा तथा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को विक्रमराव पवार भागवत कथा में शामिल हुए। श्री पंवार ने कथावाचक का स्वागत कर भागवतजी की आरती उतारी। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष फूलसिंह चावड़ा, मंडल अध्यक्ष हरेंद्र सिंह पिलवानी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सेंधव, महामंत्री विजेंद्र सिंह चौहान, जितेंद्र तालोद, राधे बरेठा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### ली आतंकवाद विरोधी शपथ

**सनावद**। 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में की शपथ ली जाती है। लेकिन शनिवार को शासकीय अवकाश होने के कारण यह कार्य इस बार 20 मई को एक दिवस पूर्व ही किया गया। इस दौरान नगर के सभी शासकीय ऑफिसों में दोपहर 11 बजे शपथ लेकर आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। नगर पालिका स्थित परिषद कक्ष में नगर पालिका अधिकारी कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ ली। तहसीलदार शिवराम कनासे, सीएमओ बलराम भूरे ने नगरपालिका अधिकारियों को कर्मचारियों को शपथ दिलाई। शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्राचार्य सीजी प्रकोल्ये ने कॉलेज स्टाफ एवं छात्रों को शपथ दिलाई।

# एसपी इलेवन ने हरसूद क्रिकेट क्लब को दी मात

हरसूद » दबंग रिपोर्टर

नया हरसूद स्थित स्टेडियम ग्राउंड पर गुरूवार रात हुए फायनल मुकाबले में एसपी इलेवन ने हरसूद क्रिकेट क्लब को मात देकर प्रतियोगिता अपने नाम की। एसपी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित, सेंगर एवं पांडे की बेहतरीन बल्लेबाजी की मदद से 8 ओवर में 64 रन बनाकर हरसूद क्रिकेट क्लब को जीत के लिए 8 ओवर में 65 रनों को लक्ष्य दिया। हरसूद क्रिकेट क्लब 8 ओवर मे 61 रन ही बना सका। फायनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एसपी इलेवन के रोहित को प्रदान किया गयां मैन ऑफ द सीरिज का पुरस्कार हरसूद क्रिकेट क्लब के उत्कृष्ट को प्रदान किया गया। फायनल मुकाबले में गुरूवार रात में एसपी विवेकसिंह भी हरसूद पहुंचे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर एसडीएम दलीप कुमार, एसडीओपी रविंद्र वास्कले, जनपद पंचायत हरसूद सीईओ एमएल काग, बीएमओ डॉ. महेष जैन, खालवा बीएमओ डॉ. शैलेंद्र कटारिया, सीएसपी खंडवा पूनम यादव आदि ने संबोधित किया।

### 22 से पंचान्हिका महोत्सव की तैयारियां पूर्ण

मन्दसौर। श्री आदिनाथ पार्श्वनाथ श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट भोजका गली शहर के तत्वावधान में 22 मई से 26 मई तक होने वाले पंचाहिका महोत्सव की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। शहर भोजका गली में 25 मई को नवनिर्मित श्री पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर की प्रतिष्ठा का महोत्सव होगा। बण्डीजी के बाग में पांच दिवसीय महोत्सव के लिए दो विशाल पंडाल तैयार हो चुके हैं।

### रुखड़ी हनुमान मंदिर के संत का निधन

सनावद » दबंग रिपोर्टर

ग्राम साला के फाटे पर स्थित रुखड़ी हनुमान मंदिर के संत का गत दिनों निधन हो गया। ढकलगांव साला नलवा बिराली हीरापुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों के रुकने का प्रमुख स्थान रुखड़ी हनुमान मंदिर के संत राम बाबा का गत दिनों निधन हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बाबा सांसारिक जीवन छोड़ महंत सूरदासजी महाराज से दीक्षा लेकर रुखड़ी हनुमान मंदिर में सेवा कर रहे थे। उनके निधन पर मंदिर समिति के साथ ग्रामीणों आसपास के ग्रामीणों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।


## PRATAAP SNACKS LIMITED

Yellow Diamond

Registered and Corporate Office: Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Palda, Indore - 452020, Madhya Pradesh, India
Tel: (91 731) 243 9999; Fax: (91 731) 243 7605; CIN: L15311MP2009PLC021746, Website : www.yellowdiamond.in
E-mail: complianceofficer@yellowdiamond.in

### EXTRACT OF AUDITED CONSOLIDATED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH 2022

(INR in lakhs except as stated)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2022 Audited (Refer Note) | 31.12.2021 Unaudited | 31.03.2021 Audited (Refer Note) | 31.03.2022 Audited | 31.03.2021 Audited |
| Total revenue from operations | 36,146.37 | 38,495.43 | 30,953.88 | 1,39,661.93 | 1,17,108.88 |
| Net profit for the period (before Tax, exceptional and/ or extraordinary items) | (918.73) | 554.37 | 229.64 | 1,154.82 | 1,107.10 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | (911.04) | (847.08) | 229.64 | (238.94) | 1,107.10 |
| Net profit for the period after tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | (294.75) | (724.14) | 712.57 | 290.90 | 1,415.59 |
| Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | (278.00) | (720.67) | 733.95 | 314.01 | 1,433.05 |
| Paid-up equity share capital - Face value INR 5 each | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 |
| Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year) | | | | | |
| Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised) | | | | | |
| Basic - INR | (1.26) | (3.09) | 3.04 | 1.24 | 6.04 |
| Diluted - INR | (1.26) | (3.09) | 3.04 | 1.24 | 6.04 |

NOTES:
1 The above consolidated Ind AS financial results of the Group have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Holding Company at their respective meetings held on 20th May 2022.
2 The Group has determined 'Snacks Food' as a reportable segment as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and assessing the performance. There are no other reportable segment as per Ind AS 108 'Operating Segment'. Accordingly, no separate segment information has been provided.
3 The figures of the quarter ended 31st March 2022 and 31st March 2021 are balancing figures between audited figures in respect of the full financial years and the unaudited published year-to-date figures upto 31 December for respective years which were subjected to limited review.
4 In accordance with the requirements of Ind AS 38 "Intangible assets", the Group has reassessed the useful life of distribution network and has revised the estimated useful life to 18 years from the existing useful life of 20 years on the basis of management's assessment of future economic benefits. The effect of the said change is recognised prospectively w.e.f. 1 January 2022 as per the requirements of Ind AS 8 "Accounting Policies, Changes in Accounting Estimates and Errors". Consequent to this change, depreciation and amortisation expenses is higher and net profit before tax is lower by INR 27.00 lakhs for the quarter and year ended 31st March 2022. Further, the basic and diluted earnings per share (not annualised) is lower by INR 0.12 for the quarter and year ended 31st March 2022.
5 The Key audited standalone financial information are as under: (INR in lakhs)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2022 Audited (Refer Note) | 31.12.2021 Unaudited | 31.03.2021 Audited (Refer Note) | 31.03.2022 Audited | 31.03.2021 Audited |
| Total revenue from operations | 31,494.21 | 34,162.86 | 26,631.23 | 1,22,336.80 | 1,01,037.57 |
| Profit before tax | (558.04) | (686.98) | 591.18 | 609.42 | 1,989.89 |
| Profit after tax | (29.54) | (603.11) | 980.72 | 925.17 | 2,086.08 |

6. The above is an extract of the detailed format of Audited Consolidated Ind AS Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March 2022, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Audited Consolidated Ind AS Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March 2022 are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and on the Company's website (www.yellowdiamond.in).

For Prataap Snacks Limited

Place: Indore
Date: 20th May, 2022

Amit Kumat
Managing Director and Chief Executive Officer


# खेल और खिलाड़ी कभी छोटे-बड़े नहीं होते -विधायक

## 5वीं एमएमए जूनियर-सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

नीमच » दबंग रिपोर्टर

खेल और खिलाड़ी कभी छोटे-बड़े नहीं होते हैं। कठिन परिश्रम और मेहनत व्यक्ति को खिलाड़ी बनाती है। एमएमए की राष्ट्रीय स्पर्धा ने नीमच जैसे छोटे शहर में लघु भारत के दर्शन करा दिए।

यह बात विधायक दिलीपसिंह परिहार ने गुरूवार शाम कही। वे 5वीं एमएमए जूनियर-सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम स्थल लायंस डेन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा नीमच के फुटबॉल, हाकी, कुश्ती आदि के खिलाड़ियों ने पूरे देश में नीमच का नाम रोशन किया है। नीमच में पहली बार इस तरह का आयोजन होना नीमच शहर के लिए गर्व की बात है। एमएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ बापू ने कहा नीमच में जिस तरह का आयोजन हो रहा है, वह मैं मुंबई में भी नहीं कर पाता। भाजपा जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा इस आयोजन से पूरे देश में नीमच को अलग पहचान मिलेगी। सीआरपीएफ के डीआईजी आरएस रावत ने कहा शहर में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का आयोजन होना। नीमच जिले नागरिकों के लिए गर्व का क्षण है। एमएमए के प्रदेश उपाध्यक्ष और नीमच में कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष चौपड़ा ने कहा कि नीमच में इस तरह का बड़ा आयोजन करने का निर्णय लेना आसान नहीं था, पर हमें विश्वास था कि हम कर दिखाएंगे। सभी का अच्छा सहयोग मिला। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में देश-विदेश के खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें जीतने वाले एशिया की स्पर्धा में भाग लेंगे। 22 को अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा होगी, जिसमें कई सैलीब्रेटी भी भाग लेंगे। उद्योगपति कैलाश धानुका, एमएमए के प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एमएमए इंडिया के जनरल सेकेट्री प्रसाद गायतुण्डे, उपाध्यक्ष अजय मारवाह, केविन अल्फ्रेड डेविज, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राधिका झवेरी, बोर्ड मेंबर व कोच शेख खालिद, इस्ट रिजन डायरेक्टर नितिन सिंह, एमएमए नीमच के संरक्षक राजेंद्र शर्मा पहलवान, एमएमए की प्रदेश उपाध्यक्ष नीतू, प्रदेश कोषाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, एमएमए नीमच के अध्यक्ष एवं आयोजन समिति संयोजक अभिवन राजा चौरसिया, संयोजक आदित्य मालू व आयोजन समिति के सचिव सुनील पटेल मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन पंकज श्रीवास्तव व राहुल खंडेलवाल ने किया। कार्यक्रम के मार्गदर्शक एवं केंद्रीय मंत्री नरेंद्रसिंह तोमर के पुत्र देवेंद्र प्रतापसिंह तोमर ने कार्यक्रम को मोबाईल फोन के माध्यम से संबोधित किया।

### डेमो फाइट से हुआ स्पर्धा का शुभारंभ

अतिथि उद्बोधन के बाद लायंस डेन में 5वीं एमएमए जूनियर-सीनियर स्पर्धा का शुभारंभ डेमो फाइट से हुआ। डेमो फाइट मप्र की आर्या और छत्तीसगढ की सोनम के बीच हुई। विधायक दिलीपसिंह परिहार ने दोनों को मंच पर बुलाया और नकद राशि देकर पुरस्कृत किया।